भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2518

जिसका उत्तर सोमवार, 15 दिसम्बर, 2025/24 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया गया

किसानों के पास बकाया कृषि ऋण राशि

2518. श्री हनुमान बेनीवाल:
एडवोकेट चन्द्र शेखर:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित देश के किसानों की आर्थिक स्थिति और उनके बकाया कृषि ऋणों के बारे में कोई जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विभिन्न श्रेणी के बैंकों सहित किसानों पर उनकी बकाया कृषि ऋण राशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार किसानों के हित में राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश के किसानों के सभी कृषि ऋणों को माफ करने की कोई योजना बना रही है; और

(ड.) यदि हां, तो उक्त ऋणों को माफ किए जाने की संभावित समय-सीमा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने देश के ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएस) 70वें (जनवरी-दिसंबर, 2013) और 77वें दौर (जनवरी-दिसंबर, 2019) के दौरान कृषि परिवारों का स्थिति का आकलन सर्वेक्षण (एसएएस) आयोजित किया। एसएएस के परिणाम के अनुसार, प्रति कृषक परिवार औसत मासिक आय 2012-13 के दौरान 6,426 रुपये प्रति माह से बढ़कर 2018-19 में 10,218 रुपये हो गई है। इसके अलावा, जैसा कि नाबार्ड द्वारा सूचित किया गया है, संस्थागत ऋण में काफी सुधार हुआ है और गैर-संस्थागत ऋण स्रोतों की हिस्सेदारी 1950 में 90 प्रतिशत से घटकर 2022 में लगभग 25 प्रतिशत हो गई है।

(ग): राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्यों सहित 30 सितंबर 2025 की स्थिति के अनुसार बकाया कृषि ऋणों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और एजेंसी-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(घ) और (ङ): वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।

*****

अनुबंध

"किसानों के पास बकाया कृषि ऋण राशि" के संबंध में दिनांक 15.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2518 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

30 सितंबर 2025 की स्थिति के अनुसार राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार और एजेंसी वार बकाया कृषि ऋण का ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य /संघ राज्य क्षेत्र	वाणिज्यिक बैंक		सहकारी बैंक		क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक		बैंक के सभी श्रेणियों द्वारा कृषि को प्रदत्त कुल ऋण	
		खाता	राशि	खाता	राशि	खाता	राशि	खाता	राशि
1	दिल्ली	4	26,998	0	0	-	-	4	26,998
2	हरियाणा	19	73,340	13	14,794	5	11,878	37	1,00,013
3	हिमाचल प्रदेश	4	9,382	2	3,399	1	1,818	7	14,599
4	जम्मू और कश्मीर	19	18,753	0	22	2	1,467	20	20,242
5	पंजाब	22	87,536	0	797	3	9,138	25	97,471
6	राजस्थान	56	1,49,442	37	17,875	13	28,561	106	1,95,878
7	चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र	0	3,068	0	0	-	-	0	3,068
8	लद्दाख	1	706	0	15	0	11	1	733
9	अरुणाचल प्रदेश	0	513	-	-	-	-	0	513
10	असम	12	15,993	0	214	4	5,065	17	21,273
11	मणिपुर	0	1,022	0	180	0	128	1	1,331
12	मेघालय	1	609	0	188	0	319	1	1,116
13	मिजोरम	0	222	0	504	0	845	1	1,570
14	नागालैंड	1	676	0	226	0	16	1	919
15	सिक्किम	0	353	0	43	-	-	0	396
16	त्रिपुरा	2	1,684	0	1,821	1	1,060	4	4,565
17	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	500	0	21	-	-	0	521
18	बिहार	71	56,373	6	5,285	22	24,148	99	85,806
19	झारखंड	23	17,009	0	58	5	5,066	28	22,134
20	उड़ीसा	44	49,416	34	22,464	7	7,991	84	79,871
21	पश्चिम बंगाल	47	72,584	21	6,055	8	10,412	76	89,050
22	छत्तीसगढ़	10	23,540	18	9,355	2	3,485	31	36,380
23	मध्य प्रदेश	55	1,30,075	30	27,490	7	11,730	92	1,69,295
24	उत्तराखंड	4	13,268	4	2,564	1	740	9	16,572
25	उत्तर प्रदेश	101	1,68,730	28	11,510	46	60,411	174	2,40,651
26	गोवा	1	1,669	-	-	-	-	1	1,669
27	गुजरात	37	1,10,677	14	38,385	5	13,126	57	1,62,188
28	महाराष्ट्र	88	2,34,910	47	45,775	9	10,443	144	2,91,128
29	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र	0	284	0	20	-	-	0	304
30	आंध्र प्रदेश	104	2,89,481	27	33,739	31	53,604	162	3,76,823
31	तेलांगना	54	1,30,427	10	9,395	15	25,225	80	1,65,047
32	कनार्टक	87	1,78,647	36	29,420	21	38,840	145	2,46,907
33	केरल	59	1,25,087	1	12,084	15	21,221	75	1,58,393
34	पुदुचेरी	3	6,408	0	5	1	1,626	4	8,040
35	तमिलनाडु	213	4,48,254	25	20,794	18	25,797	256	4,94,845
36	लक्ष्यद्वीप संघ राज्य क्षेत्र	0	120	-	-	-	-	0	120

आंकड़ा स्रोत: नाबार्ड के ईएनएसयूआरई पोर्टल पर बैंकों द्वारा प्रस्तुत आकंड़े; **:अनंतिम आंकड़े*